14 आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के 552 ...





14 शहर की घुमंतू गौ माताओं को गौठान में छोड़ा गया, ...




## खबर संक्षेप

### महिला के कब्जे से सात लीटर कच्ची शराब जब्त




**कांकेर।** नरहरपुर पुलिस ने 21 अगस्त को दोपहर डेढ़ बजें छापामार कार्यवाही करते हुए नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 14 से महिला अर्चना सलाम के घर दबिश दिया। उसके घर के रसोई घर में एक पीले रंग का पांच लीटर वाली जरकीन एवं एक हरे रंग की दो लीटर वाली बाटल में कच्ची हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ देशी शराब कुल 7 बल्क लीटर कीमती 700 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी वार्ड क्रमांक 14 नरहरपुर निवासी 25 वर्षीय अर्चना सलाम पति प्रहलाद सलाम के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### गौवंश की सुरक्षा पर पेंशनरों ने की संगोष्ठी



**चारामा।** पेंशनर वाचनालय भवन में पेंशनरों एवं गो वंश सुरक्षा समिति सदस्यों की 21 अगस्त को बैठक हुई, जिसमें गौवंश की सुरक्षा उनकी देखरेख गोवंश संस्कृति हमारी धरोहर है। इस पर गोवंश सेवक पार्षद उत्तम साहू ने कहा कि माध्यमिक शाला, हायर सेकेंडरी एवं कॉलेज स्तर पर परीक्षा लेने की बात बताई। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाली छात्रों को इनाम दिया जाएगा। अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर ने सहमति व्यक्त करते हुए पूरी-पूरी मदद करने की आश्वासन दिया। बैठक में उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, सचिव यसआर नागराज, बोधन साहू, ललित नेताम और अन्य पेंशनर साथी उपस्थित रहे।

**अपराधा:** जिपं सदस्य गुप्तेश उसेंडी दो दिनों से रेत चोर का वीडियो कर रहे वायरल

# 500 हाईवा रेत की चोरी का वीडियो वायरल होने पर अंतागढ़ में मचा हंगामा, नाम का खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- कार्रवाई नहीं करने पर स्थानीय अधिकारियों पर की टिप्पणी
- सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में टट्टुओं के नाम और फोटो भी उजागर

अंतागढ़ में अवैध रेत परिवहन का वीडियो बनाकर जिला पंचायत सदस्य द्वारा तीन दिन पहले एक विडियो और एक दिन पहले दूसरा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया और कार्यवाही नहीं होने पर अधिकारियों पर तीखी टिप्पड़ी भी व्यक्त किया है। इसके बाद से यह विषय की चर्चा अंतागढ़ से कांकेर तक पहुँच गई। हरिभूमि को 22 अगस्त की सुबह एक फोन आया और वायरल वीडियों को भेजा, उसके बाद उसने कहा कि इसमें नाम का खुलासा नहीं हो रहा है।

अंतागढ़ में पहली बार कढ़ईखोदरा में अवैध रेत का उत्खनन करके रेत को अवैध ढंग से डंप किया गया था। इसकी खबर बहुत ही गोपनीय रखा गया था, स्थानीय स्तर पर सभी को मैनेज किए जाने के चलते यह खबर अंतागढ़ से बाहर नहीं निकल पाई। पूर्व विधायक अनूप नाग ने लगभग 10 दिन पहले एक बयान जारी किया था, परंतु उन्होने उसके बारे में विस्तृत खुलासा नहीं किया था, उस दौरान कहा था कि जल्द खुलासा किया जाएगा। पूर्व विधायक ने खुलासा नहीं किया। इसके उपरांत जिला पंचायत सदस्य गुप्तेश उसेंडी तीन दिन पहले एक वीडियो जारी किया जिसमें अंतागढ़ के रेत चोर और आशाराम बापू के पूरा कृपा उल्लेखित करके अपनी आवाज में रेत कैसे जाती है, उसकी जानकारी दिया और रेत डंप को भी दिखाया। दो दिन पहले वीडिया में वायरल किया, जिसमें लिखा है कि 20 अगस्त रात 11 बजे अंतागढ़ में एक महीने पहले से रेत की चोरी अंतागढ़ के आशाराम बापू के टट्टू के द्वारा की जा रही है। इसकी शिकायत खनिज अधिकारी, अंतागढ़ एसडीएम को किया गया,पर कोई कार्यवाही अब तक नहीं हो पाई है। उन्होने कहा कि कोई जिंदा अधिकारी या नेता हों, तो कृपया कार्यवाही करवाएं ,क्योंकि जनता ने हमें समस्या के समाधान के लिए चुना है, लेकिन अधिकारी मरणासन्न रहें, तो यह स्वीकार नहीं।




### जिम्मेदार मौन, उठने लगीं उंगलियां

अंतागढ़ के पास कढ़ईखोदरा से लगभग 500 हाईवा रेत का अवैध उत्खनन करते हुए डंप किया गया और एक माह से लगातार हाईवा से रेत की चोरी हो रही है। अंतागढ़ में जिम्मेदार लोगों ने लगातार मौन साधे रखा और किसी ने उंगली नहीं उठाई। उंगली जिसने उठाई, उनका प्लेटफार्म इतना मजबूत नहीं रहा, जिससे रेत चोरी पर रोक लग जाती है। अंतागढ़ के जिम्मेदार केवल अपने स्वार्थ के चक्कर में इस खेल के खेला करने में लगे हुए है, यह खेला आने वाले समय में उनके लिए ही घातक साबित हो सकता है।



### नाम कौन करेगा उजागर

कढ़ईखोदरा से लगभग 500 हाईवा रेत की चोरी किया गया, इस चोरी करने वाले रेत चोर का नाम उजाकर करने के लिए कोई नेता या अंतागढ़ का व्यक्ति सामने आएगा या डर के नाम उजागर नहीं करेगा। सोशल मीडिया में और पूर्व विधायक ने जिस ओर ईशारा किया था, उसके बारे में अंतागढ़ के लोग जरूर समझ गए होंगे, परंतु राजधानी के लोगों के समझ में नहीं आया होगा। राजधानी तक बात पहुँचाना है, तो सोशल मीडिया में जारी वीडियो में टट्टूओं के नाम और उनकी फोटो भी उजागर करना होगा।

### शिकायत पर हुई कार्रवाई

जिला खनिज अधिकारी सनत साहू ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य ने शिकायत किया था, उसी के तहत 22 अगस्त को टीम को भेजा गया था। कढ़ईखोदरा में जिस जमीन पर लगभग 8 हाईवा रेत डंप थी, उसका पंचनामा बनाया गया है और जमीन मालिक को नोटिस दिया गया है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

# नरहरपुर के युवक के खाते में पहुंचा 90 लाख रुपए दो दिनों में राशि ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- गृह मंत्रालय से मिली रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया मामला
- म्यूल खाताधारक प्रदीप साहू ने मेडिकल स्टोर के नाम से खाता खुलावाया



आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा कांकेर के खातेदार प्रदीप साहू पिता जय प्रकाश साहू के खाते में 90 लाख रूपए जमा हुआ और दो दिनों में यह राशि दूसरे खाता में ट्रांसफर किया गया। गृह मंत्रालय से मिली रिपोर्ट के आधार पर म्यूल खाताधारक प्रदीप साहू के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

जानकारी के अनुसार गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध पोर्टल के माध्यम से प्राप्त म्युल एकाउंट के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए पुलिस मुख्यालय के ईमेल के माध्यम से संदर्भित पत्र कार्यालय को प्राप्त हुआ है। इसके आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा कांकेर के एक खाता का अवलोकन किया गया। उक्त खाता में 6 जुलाई 2024 को 90 लाख रूपएं का ट्रांजेक्शन किया जाना तथा उक्त ट्रांजेक्शन राशि 6 जुलाई 2024 व 7 जुलाई 2024 को अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाना पाया गया। उक्त खाता संख्या नरहरपुर वार्ड क्रमांक 9 आवासपारा निवासी प्रदीप साहू पिता जय प्रकाश साहू द्वारा अपने स्वयं के दस्तावेज से साहू मेडिकल स्टोर के नाम से खाता खुलावाया जाना पाया गया। सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धन राशि प्राप्त करने एवं उपयोग के लिए खुलवाने व सहायता पहुंचाने वाले धारक संवर्धक द्वारा साधारण उक्त कार्य में अग्रसर रहकर अवैध धन जो सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धन राशि को यह जानते हुए कि वह संपत्ति बेईमानी व किन्ही प्रवंचनापूर्ण उपायो द्वारा प्राप्त की गई है। ऐसे संपत्ति को अभ्यासतः प्राप्त करते हुए और छिपाने में या व्यवनित करने में यह विश्वास करने का कारण रखते हुए संपत्ति का संवर्धन करना पाया गया। आरोपी ने अपना पता सारवंडी के मेडिकल स्टोर का दिया है।

कांकेर पुलिस ने आरोपी प्रदीप साहू के खिलाफ धारा 111, 317 (2), 317 (4), 317 (5), 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। विदित हो कि आरोपी प्रदीप साहू के खिलाफ विगत समय भी मामले दर्ज हो चुके है। पुलिस पुराने मामले की खोजबीन में डटी हुई है।




## खबर संक्षेप

### एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 5वें दिन भी जारी



**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर व दुर्गूकोन्दल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल-बेहाल है। एनएचएम कर्मचारी हड़ताल के पांचवे दिन शुक्रवार 22 अगस्त को भी हड़ताल पर डटे रहें। समस्त एनएचएम कर्मचारी अपने नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन करते रहे। प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित मिरी के द्वारा जशपुर समेत प्रदेश के समस्त एनएचएम कर्मचारियों से कहा कि जब तक शासन के द्वारा हमारे नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों, संविलयन, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, पब्लिक हेल्थ कैडर, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, स्वास्थ्य बीमा, अवकाश सुविधा, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति, नियमित पद में आरक्षण के संबंध में लिखित में आदेश नहीं मिलता तब तक ना चाहते हुए भी हमारी हड़ताल जारी रहेगी। शासन पक्ष से अभी तक किसी भी प्रकार की पहल नहीं किया गया। शुक्रवार 22 अगस्त को एनएचएम कर्मचारीयो द्वारा संविदा प्रथा का मृत्यु भोज बना कर ध्यान आकर्षण किया गया व मंगल भवन प्रांगण को साफ सफाई किया गया। सरकार को रंगोली बनाकर वादा खिलाफी का याद दिलाया। एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि जहां चिकित्सा और शिक्षा जनसामान्य कि महत्त्वपूर्ण मांग और जरूरत है, ऐसे में शासन का एनएचएम कर्मचारियों कि जायज मांगों कि सुध नहीं लेना समझ से परे है।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर रजत जयंती समारोह का आयोजन



**पखांजुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 15 से 20 अगस्त तक आयोजित रजत जयंती सप्ताह के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कापसी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर एक दिवसीय रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय की छात्राओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली रही, जिसमें उन्होंने पोस्टर और बैनर पर लिखे नारों के माध्यम से समाज को बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संदेश दिया। इस दौरान कापसी हाई स्कूल की छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित एक सुंदर रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया। उत्कृष्ट रंगोली बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। इस मौके पर सरपंच प्रेमा जुर्री, बसंत जुर्री, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता मंडल, सीखा दास, काकोली शील, लता नरेटी, पूजा दास, फुलेश्वरी मंडावी, बनानी बैनर्जी, रीना नामदेव,रेबा पाल, पिंकी पाल एवं अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

## निधन

### जादूगर जुर्री



**बनसागर।** विकासंड नरहरपुर अंतर्गत बनसागर निवासी जादूगर जुर्री (70) का निधन 20 अगस्त को हो गया। वे सेवानिवृत्त पीएचई कर्मचारी थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम बनसागर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या ग्रामीण व परिवार के लोग उपस्थित रहें।

### रतन लाल नाविक



**कोरर।** सेवानिवृत शिक्षक सेलगांव निवासी रतन लाल नाविक (78) का निधन शुक्रवार को हो गया है। वे चंद्रकांत नाविक, भूपेश नाविक, लोकेश नाविक के पिता थे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

---

**पर्व : लोक जीवन, खेती-किसानी और पशुधन का महत्व से जुड़ा है पर्व**

# पोला तिहार क्षेत्र में आज मनाया जाएगा साप्ताहिक बाजार में बढ़ी चहल पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंचल में आज पारंपरिक पोला तिहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पोला त्योहार खेती-किसानी से जुड़ा हुआ पर्व है। भाद्र मास की अमावस्या को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर मान्यता है कि इस दिन अन्नमाता गर्भ धारण करती है। इस दिन परंपरानुसार खेत जाने की मनाही होती है और किसान अपने घरों में रहकर बैलों को सजाते हैं, उन्हें नहलाकर और पूजा-अर्चना करते हैं।

इस पर्व को अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नाम से जाना जाता है, लेकिन इसके मूल में बैलों की पूजा और खेती की उन्नति के लिए आशीर्वाद प्राप्त करना है।पोला त्यौहार, कृषि संस्कृति में पशुधन के महत्व को दर्शाने वाला पर्व है। इस दिन किसान अपने बैलों की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल की कामना करते हैं। पोला तिहार किसानों का खेती किसानी से जुड़ा सबसे बड़ा त्योहार है। यह हमारे जीवन में खेती-किसानी और पशुधन का महत्व बताता है। इस दिन घरों में उत्साह से बैलों और जाता-पोरा की पूजा कर अच्छी फसल और घर को धन-धान्य से परिपूर्ण होने के लिए प्रार्थना की जाती है। यह छत्तीसगढ़ की परम्परा, संस्कृति और लोक जीवन की गहराइयों से जुड़ा पर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन धरती मां की गर्भ पूजन की जाती है और लोग खेत नहीं जाते हैं। किसान इस समय अपनी खरीफ फसल की बोवाई और निंदाई का कार्य पूरा कर चुके होते हैं।



ग्रामीण अंचलों में बैलों की होगी पूजा

### बच्चों में तिहार को लेकर उत्साह

दुर्गूकोंदल के साप्ताहिक बाजार में त्योहार को लेकर काफी उत्साह चहल-पहल रही। वहीं प्रदेश सहित अचल में पोला पर्व को मनाने को लिए क्षेत्र के लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। दुर्गूकोंदल के साप्ताहिक बाजार में पोला पर्व मिट्टी से बने हुए नदिया बैल पोरा जाता का बाजार सज गया था लोग खरीदी कर रहे हैं। नदिया बैल को लेकर खासकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। नदिया बैल जहां 40-50 रुपएं से 100-200 तक बाजार में बिक रही है। छत्तीसगढ़ में पोला त्यौहार हरेली के बाद आने वाला द्वितीय स्थान का त्यौहार है। पोला त्योहार भाद माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है, जो कि इस बार शनिवार 23 अगस्त को मनाया जाएगा। किसानों का परम मित्र बैल जो कृषि कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिसके कारण किसान उनके सम्मान में इस त्यौहार को मानते हैं, जिसे पशु धन का महापर्व पोला त्योहार अंचल में मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी अंचल के लोग कर चुके हैं।

### पारंपरिक त्योहारों का संरक्षण और संवर्धन आवश्यक

शुभ दिन पर गोधन पशुधन के साथ-साथ कृषि उपकरणों की पूजा का भी विशेष महत्त्व है। तीज-त्यौहार हमारी संस्कृति और परम्पराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाते हैं। पोला के दिन मिट्टी के बर्तन और बैलों से खेलकर बच्चे अनजाने ही अपनी मिट्टी और उसके संस्कारों से जुड़ जाते हैं। अगली पीढ़ियों तक अपनी समृद्ध संस्कृति को पहुंचाने और उन्हें जमीन से जोड़े रखने के लिए पारंपरिक त्योहारों का संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है। पोला पर्व के दिन बैलों की पूजा की जाती है और उन्हें सजाया जाता है। बैलों को नए वस्त्र और साज-सज्जा से सजाया जाता है, इस दिन बैलों को विशेष देखभाल और आराम दिया जाता है। उन्हें अच्छे भोजन और पानी से पोषित किया जाता है। पोला पर्व के अवसर पर विभिन्न उत्सव और मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लोग एक दूसरे के साथ मिलकर इस पर्व को मनाते हैं और खुशियों का इजहार करते हैं।पोला पर्व का संदेश पशुधन के महत्व को उजागर करता है और उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्रेरित करता है। कृषि संस्कृति का संरक्षण यह पर्व कृषि संस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली के संरक्षण और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पोला पर्व एक महत्वपूर्ण पारंपरिक त्योहार है, जो पशुधन के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। यह पर्व कृषि संस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और पशुधन के महत्व को उजागर करता है।

---

### महारानी अस्पताल में नर्स और डॉक्टर पर्याप्त संख्या में जरूरी, सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** महारानी अस्पताल में लगातार बढ़ती अव्यवस्था, मरीजों और उनके परिजनों को हो रही परेशानियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी को लेकर आज युथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में कहा गया है कि महारानी अस्पताल, जो बस्तर संभाग का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है, वहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। मरीजों को समय पर इलाज, दवाइयाँ और आवश्यक जांच की सुविधा नहीं मिल पा रही है। स्वच्छता की भी खराब स्थिति है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। वहीं डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी के कारण मरीजों को सही उपचार नहीं मिल पा रहा है। गरीब और ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोग महारानी अस्पताल में इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, स्वास्थ्य विभाग को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाना चाहिए। इस दौरान युथ कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश सचिव गंगा सोरी, प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया, ब्लाक अध्यक्ष एडविन,यूनिवर्सिटी अध्यक्ष पंकज केवट मौजूद थे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में हुईं विभिन्न स्पर्धाएं व निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

वनांचल पहाड़ी पर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरान्दुल में महिला एवं बाल विकास विभाग सेक्टर हाटकर्रा द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का आयोजन तरान्दुल ग्राम पंचायत के सरपंच संगीता गोटा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर सरोज मरकाम, चन्द्रकान्त साहू, कुसुम लता रंगारे, अनुसूइया साहू कि गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ हुआ।

समारोह में पर्यवेक्षिका सेक्टर हाटकर्रा द्वारा स्वस्थय एवं पोषण महिलाओं के कानूनी अधिकार,बाल विवाह रोकथाम भ्रुण हत्या एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रगति एवं विभाग की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दिया गया। जनपद सदस्य ने शिक्षा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। संस्था के प्राचार्य द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम पर वृक्ष लगाने का अनुरोध किया गया। समारोह में छात्राओं एवं किशोरी बालिकाओं के मध्य रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम केअंत में उपस्थित सभी छात्राओं एवं किशोरी बालिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं द्वारा बाल विवाह रोकथाम, भ्रुण हत्या को रोकने और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए शपथ लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत तरांदुल आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। अंत में रैली निकाल कर जन-समुदाय को नारों के मध्यम से संदेश दिया गया।

## बालिका-महिलाओं को सायबर व कानूनी संबंधी दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

सामुदायिक भवन दुर्गूकोंदल में परियोजना स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया और स्कूली बच्चों को अहम जानकारी दिया गया। दुर्गूकोंदल के विभिन्न शालाओं से किशोरी बालिकाओं को आमंत्रित किया गया, जिसमें लगभग 530 बालिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। किशोरी बालिकाओं व महिलाओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया। इसके उपरांत स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, महिलाओं के कानूनी अधिकार, बाल विवाह रोकथाम, साईबार सुरक्षा, ऑनलाईन फॉड, सोशल मिडिया संबंधी सावधानियां व किशोरियों को गुडटच व बैडटच के बीच अंतर बताया गया। किशोरी बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रंगोली, वाद-विवाद, तत्कालिक भाषण का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी आर वट्टी एवं पर्यवेक्षक सरिता एल्मा, सुमित्रा सलाम, चन्द्रकांता, राजेश्वरी मंडावी, देवकी सिन्हा, देवकुमारी परिहार, दशोदा जैन, मनीषा, भानुमति राणा तथा सुशिला गावडे, जनपद सदस्य सविता उयके, निर्मला बाई, हेमलता उयके, सुलोचना कोरोटी, अब्दुल ज़िगर खान व अन्य उपस्थित रहें।



## छग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल से दफ्तर सुने, कामकाज ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले विकासखंड दुर्गूकोंदल में समस्त अधिकारी कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल धरना प्रदर्शन रखी गई, जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन लगातार शासन प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है। सरकार द्वारा कर्मचारी हित में इन मांगों को लेकर सकारात्मक निर्णय नहीं लेने के कारण असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

- केंद्र सरकार के समान एकदेय तिथि से महंगाई भत्ता एवं राहत भत्ता देने की मांग

शासन द्वारा लगातार अधिकारी कर्मचारियों के न्यायिक अधिकारों का हनन करते हुए आर्थिक हितों पर कुठारागत किया है। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन ब्लॉक इकाई के संयोजक बाबूलाल कोमरे ने बताया है कि मोदी की गारंटी अनुसार प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान एकदेय तिथि से महंगाई भत्ता एवं राहत भत्ता दिया जाए, मोदी की गारंटी अनुसार वर्ष 2019 से लंबित दिए जाने वाले एरियर की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित किया जाए, प्रदेश के लिपिको, शिक्षकों स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न स्तरों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगा कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नति समय महान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24, 32 वर्ष में दिया जाए, सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी त्रिस्तरीय समय मान वेतनमान दिया जाए तथा नगरी निकाय की कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समय पद्धति दिया जाए, प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू की जाए, प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निसर्त लागू करने स्थाई आदेश जारी किया जाए, वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए, मध्य प्रदेश की भांति प्रदेश में अर्जित अवकाश नगदी कारण 300 दिवस की जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त सेवा लाभ दिया जाए, प्रदेश के विभिन्न विभागों में सेटअप पुनरीक्षित नहीं होने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सभी भागों में समानता आदि हुए सेवा निर्मित आयु 65 वर्ष किया जाए, प्रदेश में कार्यरत कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी और नियमित संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए निर्मित प्रतिस्थापन में नियुक्त किया जाए।

### 120 संगठनों ने मोदी की गारंटी लागू करने की मांग की

उपरोक्त मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबंध 120 संगठनों ने मोदी की गारंटी लागू करने के लिए एक दिवसी धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया था। मांगे पूरी नहीं होती तो राज्य स्तर के संगठन पदाधिकारी के निर्देश अनुसार अनिश्चितकालीन हड़ताल या धरना प्रदर्शन होगी। विशेषकर इस हड़ताल में शिक्षा विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, लिपिक संघ, अनुसूचित जनजाति अधिकारी-कर्मचारी में जयकर्मचारी संघ और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी के दुर्गूकोंदल के दुर्गा रंग मंच में धरना में उपस्थित रहे। एक दिवसीय धरना में प्रमुख रूप से बैजनाथ नरेटी, पंचम नरेटी, कृपाराम पटेल, सी नरेटी, रामधन ठाकुर, रामप्रसाद उसेंडी, गजेंद्र ठाकुर, रमेश ढुग्गा, सुमित्रा बघेल, शैल पांडे, कल्पना जुरी, एकता मिश्रा, रोशन मिश्रा, जितेन ठाकुर, अभिषेक नेताम व अन्य उपस्थित रहें।

## नवीन पाठ्यक्रम पर शिक्षकों को मिला पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**दुर्गूकोंदल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्य पुस्तकों पर शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का प्रथम चरण विषय गणित एवं हिंदी के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन 22 अगस्त को किया गया।

प्रशिक्षण में हिंदी में एनएपी 2020 एनसीए के बारे में विस्तृत जानकारी, पुस्तकों में बदलाव ,पठन सामग्री, कक्षा का अधिगम वातावरण, चुनौतियां, लर्निंग आउटकम, आकलन ,स्कूली शिक्षा में खेल यात्रा, योग शिक्षा, कला एवं व्यवसायिक शिक्षा आदि पर सविस्तार चर्चा किया गया। गणित विषय में पैटर्न, क्षेत्रफल, परिमाप ,टोकन मॉडल, शून्य की दूसरी ओर एवं अन्य गतिविधियों पर 5 दिन तक लगातार सविस्तारपूर्वक चर्चा एवं ग्रुप चर्चा के साथ प्रशिक्षण को किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने कहा की कोई भी प्रशिक्षण व्यर्थ नहीं जाता। बच्चों को केंद्र मानकर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है। इसके अतिरिक्त विद्यालय में प्रेयर टुगेदर, साप्ताहिक टेस्ट, नवाचार, डेली डायरी, कॉपी चेकिंग, मध्यान भोजन, मध्यान, नेवता भोजन, शिक्षा की गुणवत्ता पर कार्य करने की बात कहा गया। कोई भी शिक्षक शैक्षणिक कार्य को बोझ समझ कर नहीं करें अपना दायित्व समझकर करना है, बच्चों के साथ प्यार से उनके पालक बनकर स्कूल में कार्य करें तो सफलता निश्चित ही मिलेगी। खंड स्त्रोत समन्वयक लतीफ सोम ने कहा कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण, जिसमें हिंदी एवं गणित का प्रशिक्षण से जो सीखे हैं। कक्षा में जाकर संचालित करें तथा अपने सभी साथी शिक्षकों से भी चर्चा करेंगे। प्रशिक्षण के नोडल शशी सिंह, प्रशिक्षक लेखराम टांडिया, किशोर कोसमा, पुरुषोत्तम दास साहू, नरोत्तम साहू, नरेश सोनकर, हरिशंकर उयके व विषय शिक्षक उपस्थित रहें।



**लोक नृत्य, नाटक, समूह गायन की दी मनमोहक प्रस्तुति**

## कला उत्सव में लोक और शास्त्री विधाओं पर दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव 2025-26 के लिए ऑफलाइन फेस टू फेस मोड में आयोजित होने वाले कला उत्सव पारंपरिक लोक कलाओं और शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केंद्रित 6 विधाओं का जिला स्तरीय आयोजन जिला कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेश मंडावी के दिशा निर्देश और जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद के मार्गदर्शन में डाइट कांकेर में रखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डीएमसी रवि मिश्रा, विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक प्रकाश सेन, अध्यक्षता कला उत्सव नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। विकासखंड कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल और कोयलीबेड़ा से 105 प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय कला उत्सव में विभिन्न विधाओं गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, पारंपरिक आदिवासी लोकनृत्य, सामूहिक नाटक, पारंपरिक कहानी वाचन, चित्रकला, मूर्तिकला, पारंपरिक खेल खिलौने में प्रस्तुति देकर भारतीय कला एवं संस्कृति और बस्तर संभाग की लोककला एवं संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबको प्रभावित किया। कार्यक्रम में विभिन्न 6 विधाओं में एकल गायन में अदित्या रतीस, एकल स्वर वादन अवनि सिंह, एकल शास्त्रीय नृत्य में अन्वेशा पन्त, चित्रकला में सानिध्य साहू सभी जेपी इंटरनेशनल स्कूल संरगपाल से, मुर्तिकला में भूपेन्द्र भूआर्य शाउमावि पोटगांव से, सामुहिक गायन में सोमा विश्वास, रिम्पीकर, सुकृति पाल, पूर्वा ढाली सभी आराधना कान्वेंट स्कूल पंखांजुर से, सामूहिक नृत्य में जानवी, खुशबू, संजना, विद्या सभी पीएमश्री सेजेस नरहरपुर से, सामूहिक नाटक में हेमन्त कुमार कुमेटी, रोकी कुमेटी, राम यादव, लखन यादव सभी हाई स्कूल ईरादाह से, सामूहिक वादन में मिथलेश, गौतम, ज्ञानेष्वर, दीपांषु सभी शाउमावि पुसवाडा, एकल ताल वादन में फानेन्द्र कोसमा शाउमावि कोरर से, स्वदेशी खेल खिलौने में मिथलेश दुग्गा और यामिनी दुग्गा शाउमावि मुरडोंगरी से, पारंपरिक कहानी वाचन में खनक सलाम और इशिका वर्मा सेजेस पटौद से प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुए। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में पंकज श्रीवास्तव, निशांत प्रधान, काकोली देवनाथ, आरबी दादरा, प्रदीप कुलदीप, भुषण जैन, पूनम नेताम, रामेश्वरी गौतम, दीपक मंडावी, उषा मरकाम, हेमेन्द्र साहसी, फरजाना षेखानी, नंदकुमार अटभैया, लक्ष्मीकांत साहू, किरण मरकाम, कल्पना ठाकुर थे।



## स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक में रणनीति तय



**कोरर।** स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक कृषि उपज मंडी कोरर में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई, जिसमें चारामा, भानुप्रतापपुर, नरहरपुर, अन्तागढ़, कांकेर, दुर्गुकोदल और कोयलीबेड़ा के ब्लाक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल रहे। ब्लाक अध्यक्षों ने प्रदेश स्तर पर चल रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं बस्तर संभाग के केशकाल रावण भाटा मैदान कार्यक्रम के सम्बन्ध में अपना अपना विचार बैठक में रखा और आगामी रणनीति एवं विधायक एवं मंत्री से मुलाकात कर अपनी जयाज मांग अंशकालिन से पूर्ण कालिन कलेक्टर दर को लेकर सभी जिला पदाधिकारी एवं ब्लाक अध्यक्ष पदाधिकारी सदस्यों ने सहमति से प्रस्ताव रखा । शीर्ष नेताओं द्वारा ठोस आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक हड़ताल स्थगित नहीं करने कि बात कहीं । इस अवसर पर जिला संरक्षक धनीराम टांडिया, जिला अध्यक्ष मोहित कोसरिया, जिला सचिव बीरु यादव, जिला उपाध्यक्ष, सुजीत भास्कर, मनोज पटेल, ईश्वर मण्डावी, कोमल तुमरेटी, इनेश कुमार,दीपक कोर्राम,शेखर सलाम, लछेन्दर नेताम, दुष्यन्त जैन, रामनाथ साहु, सहित स्कूल सफाई कर्मचारियों कि उपस्थिति रहे। उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी पुनारद सिन्हा ने दिया।

**खबर संक्षेप**

## एमबीबीएस और बीडीएस में 2 विद्यार्थियों का चयन




**सुकमा।** मेहनत और लगन अगर सच्चे मन से की जाए तो सफलता कदम चूमती है। रोकेल विखं छिंदगढ़ स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के दो होनहार छात्रों ने यह साबित कर दिखाया है। छात्रा उर्मिला राणा और छात्र रितेश मंडावी ने मेडिकल और डेंटल कोर्स में चयन पाकर न सिर्फ स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उर्मिला राणा, पिता कृष्णा राणा ग्राम तोंगपाल छिंदगढ़ का चयन जगदलपुर स्थित स्व. बलिराम कश्यप स्मृति शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए हुआ है। वहीं रितेश मंडावी पिता हांदाराम मंडावी, ग्राम उदलातराई छिंदगढ़ का चयन शासकीय डेंटल कॉलेज रायपुर में बीडीएस कोर्स के लिए हुआ है। इनकी सफलता से पूरे विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्र रहे उर्मिला और रितेश न केवल पढ़ाई में, बल्कि विभिन्न गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि उनकी मेहनत और समर्पण ने ही उन्हें यह मुकाम दिलाया है। प्राचार्य पीके दास ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा, यह उपलब्धि न केवल उर्मिला और रितेश के परिवार के लिए गौरव की बात है, बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए प्रेरणा है।

## जनपद उपाध्यक्ष ने महिला समूहों से किया संवाद



**लोहंडीगुड़ा।** जनपद पंचायत सभागार में बिहान के महिला समूहों को बैंक से लोन प्रदाय किया गया। महिला सशक्तिकरण हेतु केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण प्रयास किये जा रहे है। इस अवसर पर उपस्थित होकर बिहान महिला समूहों से संवाद कर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, स्वालाम्बंन एवं आत्मनिर्भर बनाने का अवसर सृजन पर बात रखी गयी। इस कार्यक्रम में जनपद लोहंडीगुड़ा के सीईओ धनेश्वर पांडे, बीपीएम दिलीप देवांगन, लिलेश्वरी सिन्हा, हिरमानी सहारे, हेमबती कश्यप, मोती कश्यप, समूह के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## साइबर क्राइम से बचने थाना प्रभारी ने किया जागरूक



**बस्तर।** बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े लगातार स्कूलों व कॉलेज के छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। इसी तारतरम्य में थाना प्रभारी एवं स्टेट बैंक बस्तर के अधिकारियों के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साइबर अपराधों से बचने एवं साइबर अपराधियों के जाल में नहीं फंसने के लिए सशक्त उपाय बताकर साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# माध्यमिक शाला कुड़कानार में दैनिक समाचार वाचन से शुरू होती है पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

विकासखंड बस्तर की माध्यमिक शाला कुड़कानार में बच्चों की पढ़ाई अब एक नई दिशा ले चुकी है। यहां हर दिन की शुरुआत सिर्फ प्रार्थना से नहीं, बल्कि समाचार पत्रों की सुर्खियों और ज्ञानवर्धक पुस्तकों के वाचन से होती है।

यह पहल शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव की है, जिन्होंने बच्चों की झिझक दूर कर उनके अभिव्यक्ति कौशल को निखारने के उद्देश्य से यह नवाचार शुरू किया। बोलने की हिम्मत ही सीखने की पहली सीढ़ी है। यह पहल न केवल कुड़कानार की शाला के लिए मिसाल है बल्कि पूरे बस्तर अंचल की शालाओं में इसे एक मॉडल के रूप में अपनाया जा सकता है।

आज जब डिजिटल सूचनाएं हर ओर हैं तो बच्चों को सही जानकारी पढ़ने, समझने और व्यक्त करने की आदत डालना शिक्षा का एक अहम हिस्सा बन चुका है।

### हर बच्चा बने आत्मविश्वासी वक्ता : धीरेन्द्र

शाला में प्रतिदिन, प्रार्थना सभा के पश्चात, एक-एक कर छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर समाचार पत्र की सुर्खियां और ज्ञानवर्धक लेख पढ़वाए जाते हैं। इस अभ्यास ने बच्चों के भीतर न सिर्फ आत्मविश्वास भरा है, बल्कि उन्हें समसामयिक घटनाओं की समझ भी दी है। शिक्षकों के अनुसार, जो बच्चे पहले मंच पर बोलने से कतराते थे, अब खुले मन से विचार प्रकट कर रहे हैं।



### नवाचार सभी स्कूलों को अपनाना चाहिए

इस प्रकार का नवाचार सभी शालाओं में अपनाया जाना चाहिए। बच्चों में अभिव्यक्ति कौशल विकसित करना समय की आवश्यकता है। शिक्षक इस कार्य के लिए बधाई के पात्र हैं।

-भारती देवांगन, विखं शिक्षा अधिकारी बस्तर

## मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# नियमितीकरण की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं एनएचएम कर्मचारी संघ ने संयुक्त रैली के माध्यम से डीए, पेंशन व नियमितिकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश भर में नियमितकरण की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारी

■ बड़ी संख्या में पहुंचे कर्मचारी कलेक्ट्रेट का किया घेराव

व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन कर रहे है। आज इसी कर्म में बीजापुर में भी आंदोलन का असर देखने को मिला। हजारों की संख्या में कर्मचारी कलेक्ट्रेट का घेराव किया। इस दौरान छग कर्मचारी एवं अधिकारी फेडरेशन के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने बताया है कि प्रांताध्यक्षक कमल वर्मा के आह्वान पर आज रैली एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा और नियमितीकरण की मांग की है। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष मो. जाकिर खान एवं जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व में एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल को सौंपा।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगे में केंद्र के समान दो प्रतिशत मंहगाई भत्ता एवं 2019 से देय मंहगाई भत्ते की एरियश राशि दी जाये। पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाये, चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान दिया जाना, वेतन विसंगति दूर करने, केशलेश चिकित्सा सुविधा लागू, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीमा बंधन समाप्त किया जाये, अर्जित अवकाश 300 दिवस, नगदीकरण, पूर्ण पेंशन हेतु निर्धारित नीति बनाया जाना, रिटायरमेंट आयु 65 वर्ष किया जावे, समस्त अनियमित कर्मचारियों को नियमित कर किया जाना है। अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में सभी विकासखण्डों के कर्मचारी-अधिकारी एकित्रत होकर सांस्कृतिक मैदान में धरना प्रदर्शन कर नारे लगाये।

वहीं फेडरेशन के समस्त पदाधिकारियों ने एनएचएम कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया व संयुक्त रूप से रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन उग्र करने की भी चेतवानी दी गई है। इस दौरान फेडरेशन के कोषाध्यक्ष लोकेश रेड्डी, सह सचिव रेश्मा गोड्डे, वन कर्मचारी संघ के विश्वनाथ मांझी, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के शेख फारुख, वाहन चालक संघ से महेश देवांगन, लिपिक संघ के राजेन्द्र पसपुल, शिक्षक संघ मोहन राय, दुब्बा कामेश्वर, बीएल पुजारी, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के मोतीराम बेलसरिया, एनएचएम संघ से रमाकांत पूनेठा, महिला बाल विकास से प्रियंका देहारी, पटवारी संघ के केजी यशवंत वीरा राजा बाबु, सहायक शिक्षक फेडरेशन से राजेश मिश्रा पुरुषोतम झाड़ी, अनिल झाड़ी, पंचायत सचिव संघ से रमेश कुड़ीयम, डी माधव राव, वेटनरी संघ के डा.कमल गुप्ता, डॉ. राजीव शर्मा, मनोज कुड़मुल, कृषि विस्तार अधिकारी सलाम अन्य भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।




## बस्तर किसान संघ ने दिलवाया किसानों को मुआवजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में नामधारी सीड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा 1701 डीजी मिर्च का बीज डीलर के माध्यम से नर्सरी ग्रोवर को उपलब्ध कराया गया था।

■ सीड्स कंपनी के गलत प्रोडक्ट के कारण हुआ था लाखों का नुकसान

किसानों ने लगभग 5 सौ एकड़ में मिर्च की फसल लगाई थी, जो खराब हो गई। मिर्च की फसल जिसका करैक्टर डार्क ग्रीन होना था वह बिल्कुल ही लाइट कलर में पैदा हुई जिसके चलते उन्हें बहुत बड़ी मात्रा में नुकसान पहुंचा था। बस्तर किसान संघ के अध्यक्ष अरुण त्रिपाठी ने बताया कि जैसे ही मामला संघ के संज्ञान में आया इसकी शिकायत तुरंत संबंधित कंपनी को की गई और किसानों के लिए मुआवजे की मांग की गई।

इस हेतु संघ द्वारा आवश्यक दबाव बनाते कंपनी को किसानों के नुकसान की पूरी भरपाई करने कहा गया। छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी कंपनी द्वारा नुकसान के एवज में सभी किसानों को 81 लाख रुपए की राशि बतौर मुआवजा छाबड़िया को क्रेडिट नोट के रूप में दिया गया। 15 अगस्त को कंपनी द्वारा दिए गए इस मुआवजे को डीलर एवं नर्सरी ग्रोवरों के माध्यम से किसानों के बीच मुआवजे का वितरण किया गया।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर में 57 लोगों ने कराया पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने हेतु विद्युत वितरण विभाग द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु पंजीकरण शिविर आईटीआई सद्भावना भवन में आयोजित किया गया।


उक्त शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। शिविर में 57 उपभोक्ताओं ने पंजीयन करवाया। जिसमें 19 उपभोक्ताओं को ऑनलाइन रजिट्रेशन किया गया। 38 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन डॉक्युमेंट में कमी कारण नहीं हुआ। जानकारी देते हुए बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक सरकारी योजना है। जिसका उद्देश्य भारत के घरों को मुक्त बिजली उपलब्ध कराना है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है, इस योजना के तहत घरों को अपने छतो पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु घर-घर आवश्यकता अनुरूप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने एवं मासिक बिजली में कमी लाना है। इस दौरान कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, निर्देश दिवान, कांति मौर्य, मनीराम कश्यप, देवकी भद्रे, अनिल परिहार, फतेसिँह परिहार, रामानंद मिश्रा, डॉ, व्ही एस राजपूत, मोहन मौर्य, रायधर दिवान,नगर पंचायत बस्तर के पार्षद गढ़ एवं सरपंच सहित सहायक अभियंता नंदलाल काशी, कनिष्ट यंत्री डीपी कोठारी सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## स्वादिष्ट व्यंजन खाकर बच्चे हुए खुश



भानपुरी। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विशेष न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन भानपुरी तहसीलदार जीवेत सोरी के द्वारा गुरुवार को प्राथमिक शाला भानपुरी में किया गया। जहां छात्र-छात्राओं के अलावा पालकगण व साला विकास समिति के सदस्य स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधान अध्यापिका श्रद्धा वर्मा, परमेश्वर साहू, संदीप गुप्ता, अंजू चंदेल, स्वाति अग्निहोत्री आदि शाला के स्टाफ सहित सरपंच संध्या कश्यप, उपसरपंच सोंगसिंग, पंचगण सहित तहसील के कर्मचारी उपस्थित थे। न्यौता भोज कार्यक्रम में पूडी, सब्जी, खीर, चावल, दाल, सलाद, पापड़ आदि परोसा गया, स्वादिष्ट व्यंजन खा कर बच्चे काफी खुश हुए।

## जनपद उपाध्यक्ष ने दिया पानी टैंकर



लोहंडीगुड़ा। आज जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत बाघनपाल में जपं उपाध्यक्ष के द्वारा पानी टैंकर का वितरण किया गया। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के हर कोने-कोने तक विकास की गति को आगे बढ़ाना है चाहे टैंकर हो या रोड, पुलिया, भवन, इन सभी चीजों को पूरा करने का हम प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में सरपंच बाघनपाल फाल्गुनी मौर्य, बलदेव ठाकुर, ग्राम पटेल सुकलो पटेल, डमरू धर, समलू कश्यप, कुमार सिन्हा, भूकसन मौर्य, सकरू मौर्य, कुरसो बघेल, गुडरा मौर्य, पिलू कश्यप, सोनाधार कश्यप, उमेन्द्र ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिक्षा गुणवत्ता के लिए जुटीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी



बच्चों के साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन

निरीक्षण के दौरान श्रीमती देवांगन ने माध्यमिक शाला सुधापाल में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन कर उनकी दिनचर्या और भोजन की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब शिक्षक, पालक और प्रशासन तीनों मिलकर काम करें। उनका यह दौरा शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए प्रशासनिक संकल्प को दर्शाता है। उनके निरीक्षण से शिक्षकों में नई ऊर्जा और जवाबदेही की भावना जागृत हुई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

विकासखंड बस्तर की विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय के दूरस्थ अंचलों की विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला सुधापाल, माध्यमिक शाला सुधापाल, प्राथमिक शाला गाड़ाघाट, प्राथमिक शाला आमाडोंगरी तथा हायर सेकेंडरी स्कूल सुधापाल का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों के शैक्षिक स्तर की जांच की और विशेष रूप से अकादमिक रूप से कमजोर बच्चों पर अतिरिक्त ध्यान देने के निर्देश दिए।

श्रीमती देवांगन ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि शालाओं में शिक्षक समय पर उपस्थित हो रहे हैं और बच्चों की उपस्थिति भी संतोषजनक है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों और प्रधानपाठकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी तरह की कार्यशैली से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुछ ही दिनों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान प्रारंभ होने वाला है, ऐसे में शालाओं में जो भी कमियां हैं उन्हें तत्काल दूर किया जाए।

# रजत जयंती धूमधाम से मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में सभी जिलों एवं विकासखंडों में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। इसी क्रम में शुक्रवार दोपहर 1 बजे किरन्दुल हनुमान टेकरी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें फलदार एवं छायेदार कुल 1001 पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के पूर्व एनएमडीसी मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कलेक्टर कुणाल दुदावत, नगरपालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय विद्यालय एवं नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कलेक्टर एवं नगरपालिका अध्यक्ष ने सभी विद्यालयों को साउंड सिस्टम प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और मातृभूमि के प्रति सम्मान प्रकट करने की दिशा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। मौके पर नगरपालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र, एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन केपी सिंह, डीजीएम एचआर केएल नागवेणी, महाप्रबंधक एएम, एनएस इंडिया वाईवी राघवेलु, डॉ तेजप्रकाश एवं अन्य उपस्थित थे।

# डीईओ ने सेजस दुधावा का निरीक्षण कर किया संवाद

**दुधावा।** स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम विद्यालय दुधावा का जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया और विभिन्न कक्षाओं में पहुँचकर छात्रों से संवाद किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 9 वीं में गणित विषय के अंतर्गत बहुपद एवं समीकरण पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर छात्रों द्वारा दिया गया। कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय के छात्रों को जिला शिक्षा अधिकारी अध्यापन करते हुए



विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की मीडिया एंड एंटरटेनमेंट लैब, हेल्थ केयर लैब, भौतिकी एवं रसायन शास्त्र प्रयोगशालाओं तथा पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निरंजन गंजीर एवं विद्यालय के प्राचार्य गोवर्धन रामटेके उपस्थित रहे। डीईओ ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की सराहना करते हुए विद्यार्थियों की पढ़ाई की प्रगति को संतोषजनक बताया।

# फरसकोट एकलव्य विद्यालय के 6 छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**भानुप्रतापपुर।** बिलासपुर में 18 से 20 अगस्त तक आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय फरसकोट के 6 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए जगह बनाई है।



विद्यालय लौटने पर इन प्रतिभाशाली छात्रों का शिक्षकों और साथियों ने फूल-मालाओं व तालियों की गड़गड़ाहट से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर प्रदान करना है। विद्यालय दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित किए जाते हैं और कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को शिक्षा देते हैं। छात्रों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। यह विद्यालय की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है और आने वाले समय में इन छात्रों से और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### माकड़ीखूना स्कूल की आठ छात्राओं को मिली सायकिल



**कांकेर।** शासकीय हाई स्कूल माकड़ीखूना में कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत 8 बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है और यह साइकिल उनके अध्ययन तथा विद्यालय आने-जाने में सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान मुख्य अतिथि सरपंच रतना नेताम, उप सरपंच दीपिका यादव, एसएमडीसी अध्यक्ष कन्हैया साहू, एसएमसी अध्यक्ष लखन नेताम, राम नारायण सिन्हा, लक्ष्मीनाथ साहू, बृजराज नागराज, अजय तिवारी, नन्द कुमार अटभैया, खिल गजानंद सार्वा, अनुराधा मंडल, नम्रता वर्मा, अशोक नेताम, प्रशांत कुमार मेश्राम, प्रदीप टांडिया एवं राजेश मंडावी उपस्थित रहे।

### रजत महोत्सव अंतर्गत हुईं विभिन्न प्रतियोगिता



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में रजत महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत वाद-विवाद, रंगोली प्रतियोगिता तथा मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि परियोजना अंतर्गत जिले के ग्राम कोलर, अंतागढ़, तहकाल, कोदागांव, सरंड़ी, हिमोड़ा, छोटेधौसा, कलेपरस, चंदेली, किशनपुरी, तेलगरा, उसेल, चारगांव, पानीडोबीर, कोयलीबेड़ा और संगम में रजत जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में बालिकाओं के मध्य वाद-विवाद, रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन एवं रैली के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### एनएचएम कर्मचारियों ने निकाली रैली, विधायक को सौंपा ज्ञापन



**चारामा।** प्रदेश में कार्यरत लगभग 16000 एनएचएम संविदा कर्मचारियों की 11 सूत्रीय लंबित मांगो के निराकरण को लेकर विकासखण्ड के समस्त एनएचएम कर्मचारियों ने गुरुवार को नगर के समता रंग मंच से क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी के गृह निवास तक बाईक रैली निकाली, जिसके बाद सभी कर्मचारीयों ने उनसे मुलाकात कर अपनी मांग किया। एनएचएम कर्मचारियों द्वारा संविलियन सहित क्लीनिकल तथा मैनेजमेंट दोनों ही वर्ग के लिए पब्लिक हेल्थ कैडर की मांग किया। इसके साथ ही ग्रेड पे, सीआर व्यवस्था में सुधार, ट्रांसफर नीति निर्माण, अनुकंपा नियुक्ति, दुर्घटना राशि में वृद्धि, मेडिकल अवकाश आदि की जानकारी दी और मांग एंव समस्याओं का ज्ञापन विधायक को सौंपा।

अभियान : अभियान में जिले के जनजातीय बाहुल ग्राम शामिल किया जाएगा

# आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के 552 ग्रामों में होगी उन्मुखीकरण कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला कार्यालय में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

■ जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने अभियान के ग्रामों में टीम गठित करने की वकालत की

उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्रामों में लोगों की टीम बनाया जाए। इस टीम में समाज के प्रबुद्ध व सक्रिय लोगों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं पंचायत पदाधिकारियों, सेवाभावी लोगों तथा युवाओं, स्व-सहायता समूहों को शामिल करते हुए अभियान का उद्देश्य व उनकी भूमिका से अवगत कराया जावे, ताकि यह अभियान सफल हो और गांव के सभी पात्र लोग योजनाओं से लाभान्वित हो सके। सीईओ ने कहा कि इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग इत्यादि के साथ आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक पहल की जा रही है। उनके द्वारा जनपद सीईओ को ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना के लिए स्थल चयन करने के निर्देश भी दिए गए। उन्मुखीकरण कार्यशाला में जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सीईओ, मास्टर ट्रेनर्स तथा आदिवासी विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### योजनाओं का धरातल में बेहतर क्रियान्वयन हो

उन्मुखीकरण कार्यशाला में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि यह अभियान बहु-विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत कांकेर जिले के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्राम शामिल किए गए हैं। जिले के निवासियों को इस अभियान से लाभ मिलेगा, इसके लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि धरातल पर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करे। इस अभियान के तहत जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किया गया है, जिनके द्वारा ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा और इस प्रकार ग्राम स्तर पर कैडर तैयार किए जाएंगें, जिसमें अशासकीय संस्थाएं, स्व-सहायता समूह, पंचायत सचिव, युवा, पंच, फ्रंटलाईन कर्मचारी एवं सेवाभावी संगठन एवं स्वयंसेवक तैयार किए जाएंगे। ये सभी जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में विभिन्न योजनाओं जैसे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं जैसे- आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के क्रियान्वयन, उपलब्धता तथा भविष्य में आदिवासी ग्रामों के विकास के लिए ग्राम स्तर पर योजना तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। कलेक्टर ने उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित होने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने हरेश मण्डावी ने आदि कर्मयोगी के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत शासकीय सेवक को आदि कर्मयोगी, जनप्रतिनिधियों को आदि सहयोगी तथा स्व-सहायता समूहों एवं स्वयं सेवी संगठनों को आदि साथी के रूप में चिन्हांकित किया जाएगा, ये सभी उसी गांव के निवासी होंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत गावं में आदि सेवा केन्द्र बनाया जाएगा तथा गांव के सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने के प्रयास होंगे। जनप्रतिनिधिगण जिला स्तर, ब्लॉक स्तर, ग्राम स्तर में अपना सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# ग्राम पीवी 76 की पंचायत सभा में युवक की बेरहमी से पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



पखांजुर के ग्राम पीवी 76 में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी पंचायत बैठक में विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक उद्धव मिस्त्री को सिविल अस्पताल पखांजूर में उपचार किया गया।

■ पीएम आवास योजना को लेकर हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार पीवी 76 निवासी युवक उद्धव मिस्त्री को पीएम आवास योजना से संबंधित एक मुद्दे पर चर्चा के लिए पंचायत की बैठक में बुलाया गया था। बैठक के दौरान बुजुर्ग महिला उद्धव की दादी पर आरोप लगाया गया कि तेरी दादी दूसरों के घरों में खाना खाने जाती है। युवक और उसके परिवार वाले बुजुर्ग को खाना नहीं खिलाते हैं। इस बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि पंचायत सरपंच व सचिव की उपस्थिति में ग्रामीण प्रकाश सरकार, सुकुमार व संतोष मंडल ने युवक पर हमला कर दिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दिया। युवक खून से लथपथ होकर वहीं गिर गया। घटना के बाद उसे तुरंत उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदे ले जाया गया, जहां डॉक्टर उपस्थित नहीं होने से युवक को सिविल अस्पताल पखांजूर ले जाया गया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। इस घटना ने गांव में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह घटना दर्शाती है कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और आपसी रिश्तों को लेकर गांवों में किस तरह के विवाद सामने आ सकते हैं।

# पखांजूर में तीजा-पोला की धूम मिट्टी के बैलों से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



छत्तीसगढ़ का लोकपर्व तीजा-पोला नजदीक आते ही पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल छा गया है। इस बार कापसी बाजार में भी इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ लोग इस त्यौहार को मनाने के लिए तैयार हैं।

पर्व की तैयारियों के चलते पखांजूर के बाजार सज-धज गए हैं। खास तौर पर मिट्टी के बने नंदी-बैल और अन्य पारंपरिक खिलौने बाजार की रौनक बढ़ा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी, सभी लोग अपने घरों के लिए यह मिट्टी के खिलौने खरीदने में लगे हैं। बच्चों में पोला पर्व को लेकर खासा उत्साह है, वे अपने खिलौनों को सजाने और खेलने के लिए उत्सुक हैं। कारीगरों ने छोटे-बड़े, रंग-बिरंगे नंदी-बैल और अन्य बर्तन बनाए हैं, जो न केवल बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं बल्कि त्यौहार की परंपरा को भी जीवित रखे हुए हैं। बाजारों में यह खिलौने किफायती दामों पर उपलब्ध हैं, जिससे हर कोई इन्हें खरीद पा रहा है। पोला के साथ ही तीजा पर्व भी मनाया जाता है। महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। तीजा की तैयारियों में भी महिलाएं जुटी हुई हैं, जिसमें कपड़ों से लेकर पूजा-सामग्री तक की खरीददारी शामिल है। घरों में तरह-तरह के पकवान (खुरमा बतिया) बनाने की तैयारियां भी चल रही हैं। कापसी में तीजा-पोला का त्यौहार पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मिट्टी की सौंधी खुशबू और खिलौनों की चमक ने इस पर्व को और भी खास बना दिया है।

# महर्षि कालेज में वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया और करियर बनाने की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विभाग के छात्रों को फोटोग्राफी के महत्व और इसमें उपलब्ध करियर के अवसरों से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया था।

■ फोटोग्राफी केवल एक शौक नहीं है, बल्कि यह एक कला, विज्ञान और एक शक्तिशाली संचार माध्यम है

विभाग के सहायक प्राध्यापक श्रीदाम ढाली ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस दिन का महत्व 19वीं सदी में विकसित हुई डैग्युएरियोटाइप नामक फोटोग्राफी प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसे आधुनिक फोटोग्राफी की नींव माना जाता है। छात्रों को बताया कि फोटोग्राफी केवल एक शौक नहीं है, बल्कि यह एक कला, विज्ञान और एक शक्तिशाली संचार माध्यम है। उन्होंने अपने संबोधन में फोटोग्राफी के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे तस्वीरें इतिहास को कैद करती हैं, सामाजिक बदलावों को दर्शाती हैं और व्यक्तिगत भावनाओं को व्यक्त करती हैं। उन्होंने छात्रों को बताया कि फोटोग्राफी ने किस तरह से पत्रकारिता, विज्ञान, कला और विज्ञापन जैसे क्षेत्रों में क्रांति ला दी है। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक ने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी के क्षेत्र में करियर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे न्यूज फोटोग्राफी, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी, फैशन फोटोग्राफी, वेडिंग फोटोग्राफी और प्रोडक्ट फोटोग्राफी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी रुचि के अनुसार किसी एक क्षेत्र का चयन कर उसमें विशेषज्ञता हासिल करें। उन्होंने यह भी समझाया कि इस क्षेत्र में सफलता के लिए केवल अच्छा कैमरा होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि रचनात्मकता, धैर्य और तकनीकी ज्ञान भी आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त छात्रों को कैमरा के तकनीकी पहलुओं से भी अवगत कराया। उन्होंने शटर स्पीड, अपर्चर जैसे कैमरा सेटिंग्स के बारे में जानकारी दी, जो एक अच्छी तस्वीर लेने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि कैसे स्मार्टफोन ने फोटोग्राफी को हर किसी के लिए सुलभ बना दिया है और कैसे सोशल मीडिया ने उनकी तस्वीरों को दुनिया के सामने लाने का मंच प्रदान किया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और फोटोग्राफी के प्रति अपने जुनून को साझा किया। कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता-बेटी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नरहरपुर थानांतर्गत सरोना से नरहरपुर जाने वाले मार्ग पर बाइक और चार पहिया वाहन के बीच जबरदस्त टक्कर में बाइक में सवार दो लोगो को गंभीर चोट आया। दुर्घटना में बाइक चालक को गंभीर चोट आने की वजह से उसे धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे देवगांव निवासी 52 वर्षीय शिवप्रसाद साहू पिता राजाराम साहू ने पुलिस को बताया कि 15 अगस्त की सुबह 7 से 8 बजे मेरा छोटा भाई बिशेश्वर साहू अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एच 4851 में सवार होकर अपनी लड़की साक्षी साहू के साथ ग्राम देवगांव से नरहरपुर की ओर निजी काम से आ रहे थे कि ग्राम देवगांव के दुर्गेश सोनवानी के खेत के पास सरोना-नरहरपुर रोड में एक सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक सीजी 24 के 5949 चालक के द्वारा नरहरपुर तरफ से देवगांव की ओर जाते वक्त तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मेरे भाई के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया और फरार हो गया। दुर्घटना से मेरे भाई की मोटर सायकल क्रमांक CG 05 H 4851 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मेरे भाई को सिर, गर्दन, कमर नीचे घुटना व साक्षी साहू के हाथ एवं पैर में चोट आई है। मेरे भाई विशेश्वर साहू को धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बोलेरो क्रमांक सीजी 24 के 5949 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# परतापुर हायर सेकंडरी के छात्रों ने नशा मुक्त का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परतापुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय' द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था।

ब्रह्माकुमारी शानू दीदी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि यह युवाओं के भविष्य को भी बर्बाद कर रहा है और समाज में अपराधों को बढ़ा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशा कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, जिससे व्यक्ति और उसका परिवार दोनों दुखी होते हैं। शानू दीदी ने छात्रों को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू और शराब से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ये चीजें धन की बर्बादी के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने, नियमित व्यायाम करने और मन की शांति के लिए ध्यान करने का भी सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में स्कूल के करीब 200 विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने नशा मुक्त रहने की शपथ ली।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य पीयूष कांति दास ने सभी का आभार व्यक्त किया और नशा मुक्त समाज बनाने में सभी से सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी संस्था के बीके प्रदीप और बीके अनिता भी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल अवार्ड परीक्षा में जिले के रेंजर हुए शामिल



**कांकेर।** भारत स्काउट एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर के द्वारा अभनपुर के ग्राम झांकी में राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन 18 अगस्त से किया जा रहा है। इस राज्य पुरस्कार जांच शिविर में प्रदेश के जिलों के रेंजर भाग ले रही हैं। जिले से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर से पहेली ओसारे, यामिनी यादव, सृष्टि नागवंशी और संध्या राजपूत रेंजर ममता तारम रेंजर लीडर के नेतृत्व में इस परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। पांच दिवस तक चलने वाले इस शिविर में प्रवेश से लेकर राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम तक की परीक्षा लिखित और मौखिक आयोजित की गई है। इस राज्य पुरस्कार परीक्षा में सफल होने वाले समस्त स्काउट गाइड्स, रोवर रेंजर को महामहिम राज्यपाल के द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, सहायक राज्य आयुक्त वाजिद खान, किरण ठाकुर जिला संगठन आयुक्त गाइड सहित कांकेर जिले के स्काउट गाइड परिवार ने राज्य पुरस्कार में सफलता की कामना की है।

# शहर की घुमंतू गौ माताओं को गौठान में छोड़ा गया, कार्रवाई जारी



**कांकेर।** नगर कांकेर में घूमने वाले और सड़क पर बैठने वाले घुमंतू मवेशियों को नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक के नेतृत्व में नगर पालिका के कर्मचारियों और गौसेवकों की सहायता से पकड़ कर गोठान में ले जाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि शहर के सड़क को पशु मुक्त करने अब लगातार अभियान चलाया जाएगा। शहर के बीच सड़क पर मवेशियों के बैठने के कारण अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिन मवेशी मालिकों ने अपने मवेशी घर में रखने के बजाय सड़क पर खुला छोड़ रखा है, ऐसे सभी पशु मालिकों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को लिखा जाएग। नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर व आसपास के सभी गौ पालकों से अपील किया है कि गौमाता को सड़क पर खुला छोड़ने के बजाय अपने घर में बांध कर रखें। मवेशियों को पकड़ने के लिए पहले दिन 22 अगस्त को कार्यवाही करते हुए संजय नगर स्थित गौठान में भेजा गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पशुपालक अपने गौ रक्षकों पर ध्यान नहीं देते है, तो आने वाले समय में उनके खिलाफ कार्यवाही भी की जा सकती है।

इस अभियान में नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, ललित गांधी, अजय जैन, वीरू साहू, संतोष जोशी, वैभव कौशिक, भावेश सिन्हा, बजरंग दल व नगर पालिका के कर्मचारियों का सहयोग मिला।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्र्यम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
10 सितंबर 2025
29 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
10 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411